# Teachers of Bihar

*The change makers*

# दिवस ज्ञान

## शशिधर उज्जवल

## 16 जुलाई

1. **विश्व सर्प दिवस–** हम साँपों को देखते ही उससे भयभीत हो जाते है। लेकिन आपको जानकर हैरानी होगी की मात्र कुछ साँप ही विषैले होते हैं। दुनियाभर में साँप की लगभग 3400 प्रजातियां पायी जाती है। अंटाकर्टिका को छोड़कर सभी महादेशों में सर्प पाये जाते हैं। सर्प प्रायः चुहे, मेढ़क आदि खाते हैं, जबकि बड़े सर्प बन्दर, हिरण के छोटे बच्चे, सुअर आदि को भी खाते हैं। दुनिया का सबसे लम्बा सर्प पाइथन है, जो लगभग 30फीट तक लम्बा होता है। तो सर्प को बचाने तथा इसके प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए प्रतिवर्ष 16 जुलाई को विश्व सर्प दिवस मनाया जाता है।
   - **संदर्भः सुरक्षित शनिवार से जोड़कर चर्चा करें।**
2. **पार्किंसन बीमारी की खोज–** 16 जुलाई, 1890 ई. में पार्किंसन नामक डॉक्टर ने पार्किंसन नामक बीमारी का खोज किया। उन्हीं के नाम पर बीमारी का नाम रखा गया। पार्किंसन तंत्रिका तंत्र से जुड़ा एक बीमारी है, जिसके कारण मनुष्य के अंगों में कंपन शुरू हो जाता है और फिर धीरे–धीरे वह अपना संतुलन खो देता है। पार्किंसन रोग का उपचार न्यूरो फिजीशियन करते हैं।
3. **धनराज पिल्लै का जन्म–** भारतीय हॉकी खिलाड़ी तथा पूर्व कप्तान धनराज पिल्लै का जन्म 16 जुलाई, 1968 ई. को खड़की, महाराष्ट्र में हुआ था। धनराज पिल्लै ने वर्ष 1989 से अगस्त 2004 तक कुल 339 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेला। वे एकमात्र ऐसे हॉकी खिलाड़ी हैं जिन्होंने चार ओलंपिक खेलों, चार विश्व कप, चार चैम्पियंस ट्रॉफी और चार एशियाई खेलों में भाग लिया है। भारत ने उनकी कप्तानी में वर्ष 1998 का एशियाई खेल और वर्ष 2003 का एशिया कप भी जीता है। भारत सरकार ने उन्हें राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार तथा पद्म श्री से सम्मानित किया है।
4. **'ट्रिनिटी परीक्षण'–** विश्व के प्रथम परमाणु बम का सफल विस्फोट 'ट्रिनिटी परीक्षण' के रूप में न्यू मैक्सिको के रेगिस्तान में अलामागोर्दो नामक स्थान पर 16 जुलाई, 1945 ई. को किया गया। ट्रिनिटी अर्थात् त्रिदेव, ईसाई धर्म में ट्रिनिटी यानी ईश्वर, ईश्वर के पुत्र और पवित्र आत्मा शामिल हैं। यह डिवाइस प्लूटोनियम आधारित इम्प्लोजन टाइप बम था। इस बम को बनाने का प्रयास वर्ष 1939 से ही चल रहा था। भौतिक विज्ञानी जे. रॉबर्ट ओपनहाइमर इसका निदेशन कर रहे थे। 1943 से 45 तक दो वर्षो में चार बम तैयार किये गये। प्लूटोनियम से तैयार किये गये इस बम को 'फैट मैन' नाम और यूरेनियम से तैयार किये गये बम को 'लिटिल बॉय' नाम दिया गया। इसके परीक्षण का कोडनाम 'ट्रिनिटी' रखा गया। इस परीक्षण के तीन सप्ताह के बाद हिरोशिमा और नागाशाकी पर ये बम गिराये गये थे।

Tuesday

# दिवस विशेष

16 जुलाई

मधु प्रिया


# धनराज पिल्ले का जन्म 16 जुलाई



धनराज पिल्ले का जन्म 16 जुलाई 1968 को हुआ था। तमिल परिवार में जन्मे पिल्ले ने 1989 में राष्ट्रीय टीम के साथ पदार्पण किया और 15 साल से अधिक के करियर में, भारत के लिए चार ओलंपिक खेलों , विश्व कप और चैंपियन ट्राफियों में से प्रत्येक में भाग लिया। उन्होंने राष्ट्रीय टीम के लिए 339 प्रदर्शन किए और अनौपचारिक रूप से 170 गोल करने के लिए रिकॉर्ड किया गया। वह मलेशिया , फ्रांस , इंग्लैंड और जर्मनी जैसे देशों के क्लबों के लिए भी खेले । उनकी उपलब्धियों को स्वीकार करते हुए, उन्हें 2000 में भारत सरकार द्वारा पद्म श्री से सम्मानित किया गया। वे आम आदमी पार्टी में शामिल हो गए। फरवरी 2014 में और अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत की एक फील्ड हॉकी खिलाड़ी और भारतीय हॉकी टीम के पूर्व कप्तान हैं। इस समय वे भारतीय हॉकी टीम के प्रबंधक हैं। साथ ही, वे कंवर पाल सिंह गिल के निलंबन के पश्चात निर्मित भारतीय हॉकी फेडरेशन की अनौपचारिक (एडहॉक) समिति के सदस्य भी हैं।

# जन्मदिन विशेष 16 जुलाई

राकेश कुमार




**धनराज पिल्लै** *Dhanraj Pillay*, जन्म- 16 जुलाई, 1968, पुणे, महाराष्ट्र) भारत के प्रसिद्ध हॉकी खिलाड़ी हैं। हॉकी में सेंटर फारवर्ड खेलने वाले धनराज पिल्लै के खेल में गति और स्ट्राइकिंग कौशल है। उन्होंने कॅरियर के शानदार वर्षों में अनेक पुरस्कार प्राप्त किए हैं। 1991 में उन्हें महाराष्ट्र सरकार का 'शिव छत्रपति अवार्ड' प्रदान किया गया था। इसके अतिरिक्त वह 'राजीव गाँधी खेल रत्न पुरस्कार', 'अर्जुन पुरस्कार' व 'पद्मश्री' पुरस्कार प्राप्त कर चुके हैं।

Teachers of Bihar

The Change Makers

राकेश कुमार

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 16.07.2024

## ज्ञान मीमांसा

ज्ञानमीमांसा , मानव की प्रकृति, उत्पत्ति और सीमाओं का दार्शनिक अध्ययन ज्ञान । यह शब्द ग्रीक शब्द एपिस्टेम ("ज्ञान") और लॉगोस ("कारण") से लिया गया है, और तदनुसार इस क्षेत्र को कभी-कभी ज्ञान के सिद्धांत के रूप में संदर्भित किया जाता है।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान

Rakesh kumar



भावनगर में स्थित **पालीताना** नाम की शहर दुनिया की पहली **शुद्ध शाकाहारी** शहर बन चुकी है। **हिंदू और जैन मंदिरों** के लिए प्रसिद्ध इस शहर में **मांसाहारी** खाना गैरकानूनी है।


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
TOB बूझो तो जानें..
441
दो अक्षर का नाम है, रहता हरदम जुखाम है,
कागज मेरा रुमाल है, बताओ मेरा क्या नाम है...
बुझो तो जानें ?
www.teachersofbihar.org
संजय कुमार

# TOB

राकेश कुमार

# खेल कॉर्नर

## विम्बलडन ( लॉन टेनिस )

विंबलडन 1877 से खेला जा रहा है।
हम आपको विंबलडन के बारे में बता रहे हैं...

- विंबलडन टेनिस की सबसे पुरानी ओर सबसे फेमस चैंपियनशिप है।

- ऑल इंग्लैंड लॉन टेनिस एंड क्रॉकेट क्लब हर साल जून-जुलाई में इसका आयोजन करता है।

- टेनिस में 4 ग्रैंड स्लैम होते हैं, विंबलडन साल का तीसरा ग्रैंड स्लैम है। ऑस्ट्रेलिया, फ्रेंच और US ओपन बाकी 3 ग्रैंड स्लैम हैं।

- विंबलडन ग्रास कोर्ट पर खेले जाने वाला एकमात्र ग्रैंड स्लैम है। बाकी ग्रैंड स्लैम क्ले या हार्ड कोर्ट पर होते हैं।

- विंबलडन में मेंस सिंगल्स, विमेंस सिंगल्स, मेंस डबल्स, विमेंस डबल्स और मिक्स्ड डबल्स के पांच इवेंट होते हैं।

- पुरुष सिंगल्स में सबसे ज्यादा विंबलडन टाइटल स्विट्जरलैंड के रोजर फेडरर ने जीते हैं। उनके नाम 8 खिताब हैं।

- महिला सिंगल्स में सबसे ज्यादा विंबलडन टाइटल अमेरिका की मार्टिना नवरातिलोवा ने जीते हैं। उनके नाम 9 खिताब हैं।



भारतीय शिक्षिका, राजनीतिक कार्यकर्ता और प्रकाशक पद्म विभूषण एवं भारत रत्न से सम्मानित

# अरुणा आसफ अली

की जयंती पर सादर नमन।

16 जुलाई 1909-29 जुलाई 1996

www.teachersofbihar.org

Madhu priya




/teachersofbihar

16 जुलाई 2024

Teachers of Bihar

The Change Makers

# आज का सुविचार

कल समय मिलेगा यह कितना बड़ा भ्रम है।

**ओशो**



राकेश कुमार